बोलो ओम नमः शिव्याय | By Sunil Sarvottam

भव से तर जाने का आसान है उपाय
जाने अनजाने के सब पाप क्षमा हो जाएँ
बोलो ॐ बोलो ॐ ओम नमः शिव्याय

ओम शब्द है ब्रह्मनाद ये मूल तत्व है सृष्टि का
ओम शब्द है निराकार ये अनन्त इश्वर भक्ति का
इसके उच्चारण से तन मन निर्मल हो जाए
बोलो ॐ बोलो ॐ ओम नमः शिव्याय

नमः शब्द है त्यागरूप ये मोह माया से दूर करे
नमः शब्द है सत्य रूप ये भव से बेडा पार करे
जो नमः नमः जप जाए वो जीते जी तर जाए
बोलो ॐ बोलो ॐ ओम नमः शिव्याय

शब्द शिवाय है ईश्वरीय पालन का एक रूप है
शब्द शिवाय है कल्याणम ये शिवजी का रूप है
बोलो शिव शिव शिवम् शिवाय तो जनम सफल हो जाए
बोलो ॐ बोलो ॐ ओम नमः शिव्याय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%93%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a4%83-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%af-by-sunil-sarvottam/